भारत सरकार

(जनजातीय कार्य मंत्रालय)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †4591

उत्तर देने की तारीख 22.07.2019

असम की अनुसूचित जनजातियों की सूची

†4591. श्री अब्दुल खालेकः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को असम के कलिता और गोरिया मोनिया समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(सुश्री रेणुका सिंह सरूता)

(क) और (ख): जी नहीं | भारत सरकार ने दिनांक 15.06.1999 को (दिनांक 25.06.2002 को पुन: संशोधित) अनुसूचित जनजातियों की सूची को विनिर्दिष्ट करने वाले आदेशों में समावेशन , से अपवर्जन हेतु दावे निर्धारित करने तथा अन्य संशोधनों के लिए प्रविधियां निर्धारित की हैं | इन प्रविधियों के अनुसार केवल उन प्रस्तावों पर विधान के संशोधन के लिए विचार किया जाता है जिसे संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा न्यायोचित माना जाता है एवं इसकी सिफारिश की जाती है तथा जिसपर भारत के महापंजीयक (आरजीआई) तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) द्वारा सहमति प्राप्त हो | इन प्रविधियों के अनुसार अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग करने वाले समुदायों के लिए राज्य / संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के प्रस्तावों के संदर्भ में सभी कार्रवाईयां की जाती हैं |

*****